अति-आवश्यक/आज ही जारी हो

कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः-न-5(59)पु.फो./कानि. भर्ती/2024/ 391 दिनांकः- 05.02.2025

1. महानिरीक्षक पुलिस, आरएसी बटालियन, राजस्थान।
2. पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) आयुक्तालय जयपुर/जोधपुर।
3. समस्त जिला पुलिस अधीक्षक, राजस्थान।
4. पुलिस अधीक्षक, जीआरपी अजमेर/जोधपुर/सीआईडी(आसूचना/सीबी)/ पुलिस दूर संचार, जयपुर।

विषयः-कॉन्स्टेबल भर्ती 2025 के सम्बन्ध में।

विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य सरकार द्वारा कॉन्स्टेबल के 6500 पदों पर भर्ती हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त पदों पर भर्ती हेतु शीध्र ही विज्ञापन जारी किया जाना है।

अतः उक्त प्रयोजनार्थ दिनांक 01.02.2025 को आधार मानकर पुलिस/आरएसी कॉन्स्टेबल सामान्य/बैण्ड/चालक/घुडसवार/श्वानदल, पुलिस दूरसंचार के रिक्त पदों की सूचना (रोस्टर रजिस्टर अनुसार) संलग्न निर्धारित प्रपत्र (MS EXCEL-SOFT COPY) में दिनांक 10.02.2025 तक जरिऐ ई-मेल (igrecraj@gmail.com) उपलब्ध करावें।

उक्त सूचना भिजवाते समय निम्न बिन्दुओं की पालना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करावें:-

1. स्वीकृत नफरी में प्रशिक्षण संस्थान/एटीएस/एसओजी/प्रतिनियुक्ति हेतु आवंटित पदों को सम्मिलित किया जावे।
2. यदि स्थानान्तरण आदेशों की पालना में कार्मिकों की आमद/रवानगी किन्ही कारणों से लम्बित हो तो उन्हें कार्यमुक्त/उपस्थित मानते हुये रिक्तियों की गणना (As per Transfer order) की जावे।
3. कॉन्स्टेबल आरएसी/एमबीसी पदों की वरिष्ठता रेंज स्तर पर होने के कारण समस्त बटालियनों के रिक्त पदों की सूचना आरएसी रेंज कार्यालय द्वारा इकजाई भिजवाई जावे।

संलग्न-प्रपत्र(सॉफ्टकॉपी)

5/2

(बिपिन कुमार पाण्डेय)
अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस
(भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)
राजस्थान जयपुर।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है-

1. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, आर्म्ड बटालियन्स, राजस्थान।
2. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, पुलिस दूरसंचार एव तकनीकी, राजस्थान।
3. पुलिस आयुक्त, आयुक्तालय जयपुर/जोधपुर।
4. समस्त महानिरीक्षक पुलिस, रेन्ज, राजस्थान।
5. महानिरीक्षक पुलिस, सीआईडी(इन्टेलीजेन्स/अपराध)/रेल्वेज, राजस्थान।
6. उप महानिरीक्षक पुलिस, रेन्ज-अजमेर।

5/2

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस
(भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)
राजस्थान जयपुर।